## खास-खबरें

### यूसीसी लागू करने की दिशा में मुख्यमंत्री की पहल ऐतिहासिक, राष्ट्रीय एकता को मिलेगी मजबूतीः भूपेंद्र सिंह



**सागर :** पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में प्रारंभ की गई पहल का पुरजोर स्वागत किया है। उन्होंने इसे संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने वाला एक ऐतिहासिक कदम बताया है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लंबे समय से समान नागरिक संहिता की पक्षधर रही है। यह विषय केवल किसी कानून का नहीं, बल्कि देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान अवसर और समान न्याय सुनिश्चित करने का माध्यम है।

वरिष्ठ विधायक ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसका संविधान न्याय और समानता के आदर्शों पर आधारित है। संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 44 में भी स्पष्ट रूप से राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। आजादी के बाद राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में इस पर ठोस कदम नहीं उठाए जा सके, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश इन संवैधानिक संकल्पों को पूरा कर रहा है। उन्होंने स्मरण कराया कि संविधान सभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी सामाजिक सुधार के लिए नागरिक कानूनों में एकरूपता की आवश्यकता पर बल दिया था।

भूपेन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता का अर्थ किसी धर्म, पंथ या परंपरा का विरोध करना बिल्कुल नहीं है। इसका उद्देश्य केवल विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण जैसे नागरिक विषयों में सभी के लिए एक समान कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। यूसीसी का संबंध सिर्फ नागरिक कानूनों से है, किसी की धार्मिक आस्था या पूजा-पद्धति से नहीं।

उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयानों का संदर्भ देते हुए कहा कि यूसीसी भाजपा का कोई नया विचार नहीं, बल्कि संविधान निर्माताओं की परिकल्पना का हिस्सा है। विश्व के अनेक विकसित और प्रगतिशील लोकतांत्रिक देशों में सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून लागू है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए ऐसे संरचनात्मक और सामाजिक सुधार वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं।

### क्षत्रिय समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न; 17 जून को सीहोरा में होगा महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण




**सागर :** होटल रॉयल पैलेस किला कोठी में क्षत्रिय समाज जिला सागर द्वारा एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आगामी 17 जून को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल जी की जयंती कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने के संबंध में बुलाई गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत रहे, जबकि वरिष्ठ संरक्षक श्री कृष्णा सिंह राजपूत (महुआखेड़ा) विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में बंडा, देवरी, खुरई, बीना, राहतगढ़, सीहोरा और सुरखी सहित विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 स्वजातीय प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा ने समाज की एकजुटता और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगामी 17 जून को सीहोरा में स्थापित होने वाली महाराणा प्रताप जी की भव्य प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के लिए सभी स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह भव्य कार्यक्रम पूरे समाज का है, इसलिए सभी को मिलकर इसे सफल बनाना होगा।

मुख्य अतिथि हीरा सिंह राजपूत ने समाज सुधार पर बल देते हुए प्रधानमंत्री के अनुरोध के सम्मान में एक बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज इस वर्ष विशाल वाहन रैली का आयोजन न करके ऊर्जा बचाने के संकल्प को आत्मसात करेगा। उन्होंने सभी से मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट हरिराम सिंह ने फिजूलखर्ची रोककर मितव्ययता अपनाने तथा तेरहवीं में मृत्युभोज के स्थान पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम करने का सुझाव दिया। संयोजक कृष्णा सिंह राजपूत ने समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। इसके अलावा साहब सिंह सागोनी, सत्यजीत सिंह बीना, मंगल सिंह बंडा और धीरज सिंह ओरिया सहित कई वरिष्ठ जनों ने भी विचार साझा किए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. हेमंत सिंह गेंहूरास ने किया एवं आभार युवा जिलाध्यक्ष संदीप सिंह भापेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अमर सिंह कुक्कू, विशाल सिंह, महेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामजी सिंह लुहारी, युवा जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ढाना सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर , मामला दर्ज



**सागर :** बीना रिफाइनरी रोड पर गेट नंबर 1 पुरानी कलारी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी नीलेश जैन वर्तमान निवासी- वार्ड नंबर 1, बीना, घटना वाले दिन रात करीब 10 बजे नीलेश जैन अपनी हीरो होंडा मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। जैसे ही वह रिफाइनरी के गेट नंबर 01 के पास पुरानी कलारी के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार के चालक ने लापरवाही और गफलत में गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नीलेश जैन सड़क पर दूर जा गिरे। घायल अवस्था मे घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय निवासी सुनील अहिरवार और आकाश कुर्मी ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए घायल नीलेश जैन को इलाज के लिए बीना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार मिलने के बाद फरियादी नीलेश जैन ने थाने पहुंचकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना में लिया।

# वन भूमि पर अतिक्रमण और सीमा विवाद सुलझाने के लिए कलेक्टर के निर्देश

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से वन और राजस्व विभाग के बीच लंबे समय से लंबित सीमा विवादों को सुलझाने, वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और वन्यजीव संरक्षण को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, डीएफओ साउथ वरुण यादव , डीएफओ नॉर्थ चंद्रशेखर सिंह, डीएफओ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व रजनीश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व और वन विभाग के आपसी समन्वय पर विशेष जोर दिया। वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित कर तत्काल बेदखली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वन और राजस्व विभाग की सीमाओं से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए संयुक्त दल गठित करने तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए आवश्यक एफआरए को ध्यान में रखते हुए और एनओसी के मामलों को समय-सीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के एजेंडे में पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों की सुरक्षा के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। जंगलों से गुजरने वाली हाईटेंशन और घरेलू विद्युत लाइनों की सख्त मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए ताकि करेंट लगने से बाघ एवं अन्य वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को रोका जा सके। मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने के लिए मैदानी अमले को सतर्क रहने तथा स्टेट टाइगर सेल को सक्रिय कर नियमित बैठकें आयोजित करने की बात कही गई।

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा। वन विभाग के नॉर्थ और साउथ दोनों डिवीजनों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाने का खाका तैयार किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सामाजिक वानिकी के माध्यम से खाली पड़ी सरकारी भूमियों और जल गंगा संवर्धन योजना के तहत जल स्रोतों के आसपास व्यापक रूप से पौधे रोपे जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि खनिज और वन क्षेत्र से जुड़े जितने भी संवेदनशील मामले हैं, उन पर पुलिस, राजस्व और वन विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करे। वन भूमि का संरक्षण और वन्यप्राणियों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए।

### राज्य स्तरीय निरीक्षण से किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गुनाः** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित उमंग सेंटरों एवं साथिया कार्यक्रम का राज्य स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित इस निरीक्षण का उद्देश्य किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाना रहा।

राज्य स्तर से डॉ. निशांत कुमार दीवान एवं राज्य सलाहकार साकेत शुक्ला ने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न उमंग सेंटरों एवं साथिया कार्यक्रम की गतिविधियों का अवलोकन किया। प्रथम दिवस बीनागंज, राघौगढ़ एवं जिला चिकित्सालय गुना स्थित उमंग सेंटरों का निरीक्षण कर किशोर स्वास्थ्य सेवाओं, परामर्श व्यवस्था तथा कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

राघौगढ़ में अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को नियमित, गोपनीय एवं गुणवत्तापूर्ण परामर्श उपलब्ध कराने तथा स्कूल शिक्षा विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्राम बमुरिया एवं राघौगढ़ विकासखंड के ग्राम गाबरी में संचालित साथिया कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साथिया कार्यकर्ताओं की सक्रियता, किशोर-किशोरियों की सहभागिता तथा कार्यक्रम के जमीनी प्रभाव का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए।

### विधायक शैलेंद्र जैन ने भीमराव अंबेडकर मंडल में प्रबुद्धजनों का किया सम्मान; मोदी सरकार की उपलब्धियां बताईं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** सागर विधानसभा के भीमराव अंबेडकर मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्धजनों से आत्मीय भेंट कर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प पर सार्थक संवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण एवं वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों के साथ आगामी विकास योजनाओं और विकसित भारत के रोडमैप पर भी चर्चा की गई।

इस गौरवशाली अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, मंडल प्रभारी विक्रम सोनी, मंडल अध्यक्ष नीलम अहिरवार, महामंत्री सतीश जैन, रिंकू राज, कैलाश आसानी, अनिल लालवानी, सुरेश हसरेजा सहित बड़ी संख्या में सम्मानित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा ने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम : डीएफओ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** शांतिकुंज हरिद्वारा द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 का जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह गायत्री मंदिर में किया गया। इस अवसर पर परीक्षा में सहयोग देने वाले शिक्षकों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने 78 परीक्षार्थियों के साथ ही 75 शिक्षकों को सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरुप नकद राशि, प्रमाण-पत्र और शील्ड प्रदान कर उनकी सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडलाधिकारी रमेश राठौर ने गायत्री परिवार की सराहना करते हुए कहा कि, यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और धर्म से जोड़े रखने का सशक्त माध्यम साबित होगा। विशेष अतिथि मप्र शिक्षक संघ के लछीराम इंगले ने कहा कि इस सत्र में शिक्षक संघ भी इस परीक्षा में विद्यार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता बढ़ाने में सहयोग करेगा। विशेष अतिथि जोगीलाल मुजाल्दे, श्रीमती प्रमिला पटेल थे।

परीक्षा के जिला संयोजक बीएस मंडलोई ने बताया कि परीक्षा नवंबर माह में आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 28 हजार 741 बच्चों ने भाग लिया। ओम प्रकाश पाटीदार ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। डॉ. सोहन गुर्जर ने भी अपने विचार रखे। संचालन करते हुए पारींद्र शर्मा ने बताया कि यह समारोह भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को भारतीय मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। स्वागत भाषण विकास कुशवाह ने दिया। युवा संगीत सौरभ मोरे, दिव्यानी दीदी ने दिया। अतिथियों का स्वागत हीरालाल सोनी और रमेशचंद्र पाटीदार ने किया। पुरस्कार समारोह में हरिओम गुप्ता, जगदीश मंडलोई, नीरज जोशी, मनोज पाटीदार, एनके गुप्ता, संतोष पाटीदार, मोहन कुशवाह, योगेश पाटीदार का सराहनीय योगदान रहा।

**इन्हें किया पुरस्कृतः** समारोह में प्रांत में तृतीय स्थान हासिल करने वाले कृतज्ञ पाटीदार सहित गोगावां तहसील के 24, खरगोन तहसील के 27 विद्यार्थियों के अलावा प्राथमिक से महाविद्यालय स्तर के 27 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में ग्रीन वेली हा.से. स्कूल कानापुर, देवी अहित्या उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 और सांदीपनि हायर सेकेंडरी टेमला के प्राचार्य के साथ ही 75 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

### मध्य प्रदेश लीग में बुंदेलखंड बुल्स का जलवा; युवाओं ने खेल मैदान पर लहराया सफलता का परचम




**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** बुंदेलखंड के युवाओं का जज़्बा, जुनून और जोश अब खेल के मैदान पर सफलता की नई इबारत लिख रहा है। मध्य प्रदेश लीग में बुंदेलखंड बुल्स टीम ने अपने शानदार टैलेंट और क्षमता का प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। लीग में जहां एक ओर बुंदेलखंड बुल्स की पुरुष टीम लगातार जीत दर्ज कर रही है, वहीं महिला टीम ने भी शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। यह बदलता बुंदेलखंड अब देश के बढ़ते बुंदेलखंड के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

क्रिकेट आज बुंदेलखंड के युवाओं के लिए केवल एक खेल नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सुनहरा अवसर बन गया है। इस बड़े मंच पर देश भर से आए चयनकर्ताओं की नजरें खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी हैं। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को न सिर्फ अपनी पहचान बनाने का मौका मिल रहा है, बल्कि वे आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहे हैं। युवाओं को यह विशाल मंच श्री महान आर्यमन सिंधिया के मार्गदर्शन में प्राप्त हुआ है, जिसने खेल जगत में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। आज हर युवा क्रिकेटर के मन में देश के लिए खेलने का सपना सच होता दिख रहा है।

इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के साथ-साथ पर्दे के पीछे से सहयोग कर रहे नेतृत्वकर्ताओं को जाता है। विशेष रूप से युवराज सिंधिया, प्रसून, रोहन, बुंदेलखंड बुल्स के मालिक श्री रोहित बधवा, श्री मोक्ष, श्री अमित और श्री निशांत के अथक परिश्रम से टीम इस मुकाम पर पहुँची है। पूरी टीम की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बुंदेलखंड वासियों से एकजुट होकर अपनी टीम का समर्थन करने की अपील की गई है। आने वाले समय में बुंदेलखंड बुल्स से और भी बड़ी सफलताओं की उम्मीद है।

### सागर में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे का जोरदार स्वागत; डेंगरे परिवार से की भेंट



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे के सागर आगमन पर लेहदरा नाका पर विधायक शैलेंद्र जैन एवं जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने उद्योगपति सुनील डेंगरे एवं उनके परिवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण अभियान की जानकारी दी। सरोज पांडे ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का मजबूती से सामना कर देश ने दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की है। उन्होंने स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जनभागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए हैं।

कार्यक्रम में डेंगरे परिवार को केंद्र सरकार की उपलब्धियों का साहित्य और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी लोकेंद्र पाराशर, जिला महामंत्री चेतराम अहिरवार, सुमित यादव, भाजयुमो अध्यक्ष यश अग्रवाल, विक्रम सोनी, मनीष चौबे, अमित बैसाखिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्पेशल खबर** स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है नियमित रक्त दान

## युवा शक्ति रक्तदान अभियान की सबसे बड़ी ताकत, भ्रांतियां छोड़ आगे आएं युवाः अविराज सिंह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर युवा नेता अविराज सिंह ने युवाओं से नियमित रक्तदान को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करने का पुरजोर आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 14 जून को मनाया जाने वाला यह दिवस केवल एक जागरूकता अभियान नहीं है, बल्कि यह मानवता, करुणा और निस्वार्थ सेवा की उस भावना का उत्सव है जो किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का सामर्थ्य रखती है।

अविराज सिंह ने आपातकालीन चिकित्सा में रक्त की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि जब कोई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति अस्पताल पहुंचता है, जब कोई माता गंभीर प्रसूति रक्तस्राव से जूझ रही होती है, या जब कोई कैंसर रोगी कीमोथेरेपी के दौरान जीवन के लिए संघर्ष कर रहा होता है, तब आधुनिक चिकित्सा की सारी तकनीकें और संसाधन अंततः एक स्वैच्छिक रक्तदाता पर आकर ही टिक जाते हैं। उस संकट के समय रक्त की एक यूनिट केवल एक चिकित्सीय आवश्यकता नहीं होती, बल्कि किसी परिवार की आखिरी आशा और किसी मां की प्रार्थना बन जाती है। भारतीय संस्कृति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अन्न, धन और विद्या का दान करने वाले श्रेष्ठ हैं, लेकिन जो रक्त देता है वह जीवनदाता बन जाता है। यही कारण है कि रक्तदान को सभी दानों में सर्वोत्तम माना गया है।



वैज्ञानिक और चिकित्सीय शोधों का संदर्भ देते हुए युवा नेता ने बताया कि रक्तदान न केवल प्राप्तकर्ता को जीवन देता है, बल्कि खुद रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है। नियमित रक्तदान से शरीर में अतिरिक्त आयरन का स्तर संतुलित रहता है, जिससे लीवर को होने वाले नुकसान और कई गंभीर बीमारियों का खतरा टल जाता है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, नियमित रक्तदाताओं में हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम अपेक्षाकृत कम पाया गया है। इसके अलावा, रक्तदान करने से शरीर को नई और स्वस्थ रक्त कोशिकाओं के निर्माण की प्रेरणा मिलती है, जो व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

अविराज सिंह ने समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पुरुष हर तीन महीने में और एक स्वस्थ महिला हर चार महीने में पूरी तरह सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारा शरीर बेहद कम समय में इस रक्त की कमी को स्वतः पूरा कर लेता है, इसलिए युवाओं को बिना किसी डर के आगे आना चाहिए।

देश की जनसांख्यिकी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। यदि हमारी युवा आबादी का मात्र एक प्रतिशत हिस्सा भी नियमित रक्तदान का संकल्प ले ले, तो देश से रक्त की कमी की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है। आज के डिजिटल युग में युवा सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल डोनर नेटवर्क बनाकर आपातकाल में रक्त पहुंचाने की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं।

इस दिशा में मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि उन्होंने समाज सेवा का एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। पिछले 12 से अधिक वर्षों से वे अपने जन्मदिन को व्यक्तिगत उत्सव के बजाय विशाल रक्तदान शिविरों के रूप में मना रहे हैं। उनके इन शिविरों के माध्यम से अब तक 15,009 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है, जिससे लगभग 45 हजार गंभीर मरीजों को जीवनदान मिला है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों, जैसे जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ पर रक्तदान करने का संकल्प लें, ताकि समाज में एक नई संवेदनशील सेवा संस्कृति का निर्माण हो सके।